Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title : Need to provide Central grant to the Pomegranate growers whose crops have been affected due to drought in district Solapur, Maharashtra.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, महाराट्र राज्य के पंढरपुर संसदीय क्षेत्र, जिला सोलापुर में विगत सालों के दौरान सूखा पडने के कारण अनार की फसल पर कुप्रभाव पड़ने से अनार की फसल के किसानों को बैंकों से लिए गए ऋणों को अदा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वे भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं। इसलिए यह जरूरी है कि केन्द्र सरकार अनार उत्पादकों को केन्द्रीय अनुदान देकर बैंक ऋण से मुक्ति दिलाये जाने की व्यवस्था करे।

महाराट्र राज्य के पंढरपुर संसदीय क्षेत्र, जिला सोलापुर के अंतर्गत माढ़ा, सांगुला, पंढरपुर तहसीलों में सूखे की स्थिति बनी हुयी है। यदि इन तहसीलों को उजनी डेम से पानी उपलब्ध करा दिया जाये तो वहां पर सूखे की स्थिति से निपटा जा सकता है।